## खबर संक्षेप

### ऑडिटोरियम में महिला संवाद कार्यक्रम आज

**विदिशा।** केन्द्रीय बजट 2026 के प्रचार अभियान के अंतर्गत लोकसभा क्षेत्र विदिशा का महिला संवाद कार्यक्रम मंगलवार को दोपहर 1:30 बजे ऑडिटोरियम में होगा। संवाद में सांसद एवं प्रदेश महामंत्री डॉ. लता वानखेड़े तथा प्रदेश मंत्री बबीता परमार मुख्य वक्ता रहेंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष महाराज सिंह दांगी करेंगे, जबकि संयोजक जिला महामंत्री मुकेश तिवारी हैं। इसमें क्षेत्र के सभी जिलाध्यक्ष, महामंत्री, विधायक, महिला जनप्रतिनिधि और महिला मोर्चा पदाधिकारी आमंत्रित किए गए हैं। बड़ी संख्या में सहभागिता की अपेक्षा है। कार्यक्रम को लेकर तैयारियां पूरी हैं।

### रोजगार मेले में 130 पंजीयन, 66 आवेदकों का प्राथमिक चयन

**विदिशा।** शासकीय आईटीआई में युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया गया। आईटीआई प्राचार्य कविता रघुवंशी ने बताया कि मेले में अपोलो टायर्स गुजरात, मदरसन सुमी पीथमपुर, वर्धमान टेक्सटाइल्स बुधनी, मेगनम ग्रुप भोपाल तथा प्रथम फाउंडेशन आईटीसी सहित विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों ने भाग लिया। विदिशा एवं अन्य जिलों से आए छात्र-छात्राओं का उनकी योग्यता के आधार पर चयन किया गया। 130 अभ्यर्थियों ने पंजीयन कराया, जिनमें से 66 का प्राथमिक चयन हुआ।

### निराकरण के निर्देश रेटिंग सुधार पर जोर

**विदिशा।** अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों की प्रगति का आकलन किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र और संतुष्टि पूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि जिले की रेटिंग में गिरावट न आए। लंबित मामलों से जिले की छवि प्रभावित होती है, इसलिए विभागीय स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग और मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की जाए। अधिकारियों को पोर्टल पर समय से प्रविष्टि दर्ज करने तथा शिकायतकर्ता से समाधान की पुष्टि लेने के भी निर्देश दिए गए।

### चयनित जनजातीय ग्रामों में लगेंगे शिविर

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता के मार्गदर्शन में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत जिले के चयनित जनजातीय ग्रामों में बहुउद्देश्यीय शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों में जाति प्रमाण पत्र, आधार, राशन कार्ड, उज्ज्वला, आयुष्मान, जन-धन खाता, किसान क्रेडिट कार्ड और प्रधानमंत्री आवास योजना सहित विभिन्न सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जा रही हैं। प्रशासन ने अधिकारियों की ड्यूटी तय कर समयपूर्व उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। 10 से 18 फरवरी तक ग्यारसपुर, बासौदा, लटेरी और सिरोंज क्षेत्र के निर्धारित ग्रामों में शिविर लगाकर हितग्राहियों को लाभ दिया जाएगा।

## बोर्ड परीक्षा को लेकर चाक-चौबंद इंतजाम, सुरक्षा व्यवस्था कड़ी, कलेक्टर प्रतिनिधि को ही मोबाइल उपयोग की अनुमति, अन्य सभी पर पूर्ण प्रतिबंध

*बोर्ड परीक्षाएं शुरू होने जा रही हैं। जिसको लेकर प्रशासन ने सभी तैयारियां पूर्ण कर ली हैं। जांच के लिए दल गठित कर दिए गए हैं। वहीं परीक्षा केंद्रों पर भी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। परीक्षा केंद्र पर कलेक्टर प्रतिनिधि को मोबाइल रखने की अनुमति होगी।*

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं को लेकर जिले में व्यापक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

मंडल के निर्देशों के अनुरूप सभी परीक्षा केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने परीक्षा पूर्व तैयारियों का निरीक्षण किया, वहीं जिला शिक्षा अधिकारी एसपी जाटव ने सुव्यवस्थित एवं निर्विघ्न परीक्षा संचालन के लिए किए गए प्रबंधों की जानकारी दी। जिले में कुल 75 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा आयोजित होगी, जिनमें तीन संवेदनशील और आठ अतिसंवेदनशील केंद्र शामिल हैं। सुरक्षा की दृष्टि से 29 केंद्रों पर जैमर तथा 67 केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। हाई स्कूल परीक्षा में 16,175 नियमित और 860 स्वाध्यायी, जबकि हायर सेकेंडरी परीक्षा में 11 हजार 806 नियमित और 636 स्वाध्यायी परीक्षार्थी शामिल होंगे।

परीक्षा प्रक्रिया की गोपनीयता बनाए रखने के लिए प्रश्नपत्र थाने से निर्धारित समय पर कलेक्टर प्रतिनिधि की उपस्थिति में ही निकाले जाएंगे और सुरक्षित रूप से परीक्षा केंद्र तक पहुंचाए जाएंगे। प्रश्नपत्र बॉक्स खोलने से पूर्व उसके छहों तरफ का वीडियो बनाकर सुबह 8:30 बजे से पहले मंडल द्वारा नामित अधिकारी को भेजना अनिवार्य रहेगा। साथ ही सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों के मोबाइल फोन बंद कर सीलबंद अलमारी में रखवाए जाएंगे। परीक्षा केंद्र पर केवल कलेक्टर प्रतिनिधि को मोबाइल उपयोग की अनुमति होगी।

### दल को 4 केंद्रों का निरीक्षण करना अनिवार्य

छात्रों को सुबह 8 : बजे तक परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया जाएगा और 8 :30 बजे तक कक्ष में उपस्थित होना अनिवार्य होगा। उत्तर पुस्तिकाएं 8 :50 बजे तथा प्रश्नपत्र 8 :55 बजे वितरित किए जाएंगे। परीक्षा अवधि में केंद्र के 100 मीटर दायरे में अनाधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। परीक्षा संबंधी जानकारी के लिए जिला एवं विकासखंड स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं। साथ ही जिला स्तर पर चार निरीक्षण दल गठित किए गए हैं, जिन्हें परीक्षा दिवस पर कम से कम चार केंद्रों का निरीक्षण करना अनिवार्य होगा। प्रशासन ने परीक्षाओं को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने का भरोसा दिलाया है।

**बजट बैठक:** हंगामे के बीच नगरपालिका की बैठक में हुई शहर विकास पर चर्चा

## नपा की बैठक में 3 अरब 95 करोड़ का बजट हुआ पास, पार्षद प्रतिनिधियों के बीच नोकझोंक

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

सोमवार को बसस्टैंड स्थित नगरपालिका के हाल में दोपहर से नपा सम्मेलन की बैठक हुई। बैठक में 3 अरब 94 करोड़ 21 लाख की अनुमानित आय और 3 अरब 94 करोड़ 5 लाख का अनुमानित व्यय बताया गया। वहीं 16 लाख 72 हजार की बचत का बजट बताया गया है। शुद्ध पेयजल के लिए अमृत योजना 2.0 जल शोधन और पेयजल परिवहन पर विशेष ध्यान दिया गया है।

साथ ही स्वच्छ भारत मिशन और मुख्यमंत्री शहरी स्वच्छता मिशन के माध्यम से शहर को और अधिक स्वच्छ बनाने का निर्णय लिया गया है। विदिशा नगरपालिका द्वारा नगर के मुख्य चौराहों का सौंदर्यीकरण कर सड़कों और नालियों का निर्माण किया जाएगा। वहीं विशेष रूप से बेतवा रिवर फ्रंट, गीता भवन निर्माण और नवीन बस स्टैंड के निर्माण को प्राथमिकता दी गई है।

कई पार्षदों ने आरोप लगाए कि उनके वार्ड में चल रहे काम पूरे नहीं होते और ठेकेदार दूसरे वार्ड में काम लेकर काम शुरू कर देते हैं। इस पर सीएमओ दुर्गेश ठाकुर और नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा ने कहा कि अब इंजीनियर जो बिल बनाएंगे उस पर पार्षदों की सहमति लगेगी उसके बाद ही बिल पास होंगे। जिस पर सभी पार्षदों ने खुशी जाहिर की।



विदिशा। बस स्टैंड स्थित नगरपालिका के कक्ष में हुई बजट बैठक।

### कांग्रेसी पार्षदों का बहिष्कार, गेट पर डाला डेरा

बैठक का एजेंडा समय पर न मिलना और वार्डों में काम न होने का हवाला देकर पार्षद धमेंद्र यादव, आशीष माहेश्वरी और राजा यादव ने बैठक का बहिष्कार करते हुए बैठक रूम के बाहर गेट पर ही डेरा डाल लिया। तीनों पार्षदों का कहना था कि कचरा टेक्स लगाया गया है उसे वापस लिया जाए। तीनों पार्षदों ने सीएमओ के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। बैठक के बाद सीएमओ ने तीन पार्षदों से अलग से चर्चा की और भरोसा दिया कि सभी वार्डों में समान विकास कार्य किए जा रहे हैं।



### राजनीति में यह चलता रहता है, कोई पक्का दोस्त और दुशमन नहीं होता



विवाद के कुछ देर बाद ही एक हो गए पार्षद

बैठक के बाद कई पार्षद नपा अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा के आफिस में पहुंचे। जहां पर कमलेश सूर्यवंशी और धमेंद्र सक्सेना दोनों कहते हैं कि कुछ गलत फहमी के चलते थोड़ विवाद हुआ था।

गलत फहमी को दूर कर लिया है। अब किसी भी तरह का विवाद नहीं है। इसी बीच अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा कहते हैं कि राजनीति में कोई भी स्थिाई दोस्त औश्र दुश्मन नहीं होता है। राजनीति में यह सब चलता रहता है। जबकि इससे पहले दो पक्षों के बीच हुए विवाद के बाद धमेंद्र सक्सेना और उनके साथ कई पार्षद कोतवाली पहुंचे थे।

- कहासुनी के बाद थाने पहुंचे दोनों पक्ष आपस में गले मिले।

जहां पर पार्षद शैलेंद्र सिंह बिट्टू भदौरिया थाने पहुंचे और मामले को शांत कराया। जहां पर थोड़ी देर बाद कमलेश सूर्यवंशी और अन्य पार्षद भी कोतवाली पहुंच जाते हैं। इसी बीच पहले जहां पुलिस शिकायत करने की तैयारी चल रही थी अचानक से पूर मामला पलट जाता है और कमलेश और धमेंद्र सक्सेना दोनों थाना परिसर में हाथ मिलाकर गले मिलते हैं।

## मंदिर के बाहर बुजुर्ग महिला से 5 लाख से अधिक की ठगी दो युवक फरार, कैमरे में कैद

**भगवान महावीर का हवाला देकर जेवर उतरवाए सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच में जुटी पुलिस**



वारदात के बाद बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हो गए।

*खरीफाटक रोड स्थित जैन मंदिर के बाहर दो युवकों ने एक बुजुर्ग महिला को झांसे में लेकर करीब पांच लाख के जेवर उतरवा लिए। यह घटना आसपास लगे कैमरों में कैद हुई।*

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित खरीफटक रोड पर जैन मंदिर के सामने एक बुजुर्ग महिला के साथ ठगी की वारदात सामने आई है।

बुजुर्ग महिला विमला जैन को दो अज्ञात युवकों ने जैन समाज और भगवान महावीर का हवाला देते हुए परिवार पर संकट आने की बात कहकर डराया। युवकों ने महिला से सोने-चांदी के जेवर उतारकर कुछ देर आंखें बंद करने के लिए कहा। महिला के ऐसा करते ही दोनों आरोपी जेवर लेकर मौके से फरार हो गए।

पीड़िता के अनुसार चोरी हुए जेवरों की कीमत लगभग पांच लाख रुपए से अधिक बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि आरोपियों की गतिविधियां कैमरे में कैद हुई हैं, जिसके आधार पर उनकी तलाश तेज कर दी गई है। स्थानीय रहवासियों ने क्षेत्र में बढ़ती ठगी की घटनाओं पर चिंता जताते हुए पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है। पुलिस ने जल्द आरोपियों को पकड़ने का भरोसा दिलाया है।

## अघोषित आहतों में बैठकर शराब पी रहे लोगों को पुलिस ने दबोचा, 18 लोगों का मेडिकल कराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

अवैध रूप से शराब पिलाने और सार्वजनिक स्थानों पर जाम छलकाने वालों के खिलाफ पुलिस ने सख्त कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देश पर चले विशेष अभियान में करीब 18 लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किए गए हैं।

कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक आनंद राज और सिविल लाइन थाना प्रभारी निरीक्षक आरके मिश्रा के नेतृत्व में एक संयुक्त पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की। टीम ने होटल दुकानों और ढाबों पर चोरी-छिपे संचालित हो रहे अवैध अहातों पर दबिश दी। साथ ही खुले स्थानों पर शराब का सेवन करने वालों को भी पकड़ा। कार्रवाई के दौरान मौके पर कई लोग शराब पीते हुए पाए गए। पुलिस की दबिश के दौरान कुछ लोगों ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए भविष्य में ऐसा न करने का आश्वासन दिया। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन, अवैध अहाते चलाने और कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों के खिलाफ भविष्य में भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।



विदिशा। होटल ढाबों पर शराब पी रहे लोगों को पकड़ा।

## सड़क सुरक्षा की ऐतिहासिक पहल, 125 ट्रॉमा सपोर्ट वालंटियर तैयार, राहवीर एप से दुर्घटना पीड़ितों को मिलेगी त्वरित सहायता

**12 छात्रों को विकसित राहवीर विदिशा एप के माध्यम से वालंटियरों को प्रशिक्षण दिया।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

जिले में सड़क दुर्घटनाओं को कम करने और घायलों को समय पर उपचार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक ऐतिहासिक पहल की गई है।

देश और प्रदेश में पहली बार 125 ट्रॉमा सपोर्ट वालंटियर तैयार किए गए हैं, जिन्हें जिले के विभिन्न महत्वपूर्ण स्थलों पर तैनात किया जाएगा। इन वालंटियरों को पहचान पत्र, विशेष जैकेट तथा आवश्यक प्रशिक्षण देकर सेवा के लिए तैयार किया गया है। पुलिस कंट्रोल रूम में एसपी रोहित काशवानी की उपस्थिति में केंद्र सरकार की राहवीर योजना अंतर्गत ट्रॉमा सपोर्ट वालंटियर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान एसएटीआई कॉलेज के कंप्यूटर साइंस एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के 12 विद्यार्थियों द्वारा विकसित राहवीर विदिशा एप के माध्यम से वालंटियरों को प्रशिक्षण दिया गया। ऐप की सहायता से दुर्घटना में घायल व्यक्ति तत्काल वालंटियर को सहायता के लिए बुला सकेगा।

### गोल्डन ऑवर में उपचार से बच सकती है जान

प्रशिक्षण सत्र में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. सचिन गर्ग ने बताया कि दुर्घटना के बाद पहला एक घंटा, जिसे गोल्डन ऑवर कहा जाता है, जीवन बचाने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। समय पर प्राथमिक उपचार और शीघ्र अस्पताल पहुंचाने से मृत्यु दर कम की जा सकती है। एडिशनल एसपी ने वालंटियरों को सुरक्षित तरीके से राहत कार्य करने और आवश्यक सावधानियों की जानकारी दी।

### राहवीर योजना में प्रोत्साहन राशि

कार्यक्रम में बताया गया कि सड़क दुर्घटना के घायल को गोल्डन ऑवर में अस्पताल पहुँचाने वाले व्यक्ति को केंद्र सरकार द्वारा 25,000 की प्रोत्साहन राशि और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है। विदिशा जिले में हर वर्ष लगभग 220 लोगों की मृत्यु सड़क हादसों में होती है, जिसे कम करने की दिशा में यह पहल महत्वपूर्ण मानी जा रही है। इस अवसर पर सड़क सुरक्षा संबंधी जागरूकता पंपलेट वितरित किए गए तथा ग्राम रक्षा एवं नगर सुरक्षा समिति के सदस्यों को टी-शर्ट प्रदान की गई।

## 200 से अधिक विद्यार्थियों ने बड़े पर्दे पर देखी शौर्य और समर्पण पर आधारित फ़िल्म बॉर्डर 2

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

ड्यूटी के लंबे घंटे, जिम्मेदारियों का बोझ और समाज की सुरक्षा के बीच पुलिसकर्मी अपने परिवार से दूर रहते हैं। इसी भावना को सहेजते हुए विदिशा पुलिस द्वारा पुलिस वेलफेयर के अंतर्गत एक भावनात्मक व प्रेरणादायक पहल की गई।

एसपी रोहित काशवानी की उपस्थिति में रविवार को आयोजित किया गया। इस विशेष आयोजन के तहत 200 से अधिक पुलिस स्टाफ के बच्चों को शौर्य, बलिदान और देशप्रेम पर आधारित फ़िल्म बॉर्डर 2 बड़े पर्दे पर दिखाई गई। जिसमें बच्चों ने न केवल फ़िल्म का आनंद लिया, बल्कि देशभक्ति की भावना को भी गहराई से आत्मसात किया। पुलिस लाइन विदिशा से बच्चों को एक साथ गोल्ड सिनेमा ले जाया गया, जहां दोपहर 2 बजे फ़िल्म का प्रदर्शन हुआ।

परदे पर दिखते वीर जवानों के साहस, त्याग और बलिदान ने बच्चों को भावनात्मक रूप से प्रभावित किया। परदे पर दिखते वीर जवानों के साहस, त्याग और बलिदान ने बच्चों के मन में राष्ट्रप्रेम, अनुशासन और कर्तव्यबोध के भाव जागृत किए। फ़िल्म समाप्ति के पश्चात सिनेमा हॉल देशभक्ति के जयघोष से गूंज उठा। बच्चों द्वारा भारत माता की जय और जय हिंद के गगनभेदी नारों ने वातावरण को भावुक और गर्व से भर दिया, जिसने इस आयोजन को अविस्मरणीय बना दिया। यह पहल केवल एक फ़िल्म प्रदर्शन नहीं, बल्कि पुलिस परिवारों के बच्चों को यह अहसास दिलाने का प्रयास रही कि उनके माता-पिता का सेवा भाव और समर्पण देश की सुरक्षा में कितना महत्वपूर्ण है। बच्चों के चेहरों पर मुस्कान और आंखों में गर्व इस आयोजन की सबसे बड़ी उपलब्धि रही। विदिशा पुलिस का यह प्रयास पुलिस परिवारों से भावनात्मक जुड़ाव, बच्चों के सर्वांगीण विकास और राष्ट्रभक्ति के संस्कार विकसित करने की दिशा में एक सराहनीय कदम है।



विदिशा। टॉकीज में फिल्म देखने बड़ी संख्या में पहुंचे छात्र।

## बेतवा नदी को नमामि गंगे परियोजना में समुचित शामिल करने की उठी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

बेतवा के संरक्षण कायाकल्प और प्रदूषण मुक्ति को लेकर सिविल सोसाइटी द्वारा प्रधानमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा गया।

ज्ञापन में केंद्र सरकार द्वारा 'नमामि गंगे परियोजना' के अंतर्गत बेतवा नदी को शामिल किए जाने पर आभार व्यक्त करते हुए जिले में चल रहे सर्वे कार्य को व्यापक, पारदर्शी और जनभावनाओं के अनुरूप बनाए जाने की मांग की गई। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि शहर में पीलिया नाला (अपस्ट्रीम), चोर घाट नाला, गुठान वाला नाला, गौशाला वाला नाला, कब्रिस्तान नाला तथा जतरापुरा नाला सीधे बेतवा नदी को प्रदूषित कर रहे हैं। इन नालों की रोकथाम और उपचार की समुचित व्यवस्था किए बिना नदी संरक्षण का उद्देश्य अधूरा रहेगा। साथ ही रंगई हनुमान घाट, त्रिवेणी घाट, राम घाट, बहराबाबा घाट, महल घाट, बढ़वाला घाट, मुक्तिधाम घाट, चरणतीर्थ घाट और नौलखी घाट जैसे प्रमुख आस्था स्थलों के पुनरुत्थान और सौंदर्यीकरण को भी परियोजना में शामिल करने की मांग की गई। इसलिए नागरिकों की सुझाव-सुनवाई पुनः सुनिश्चित की जाए, ताकि परियोजना के लिए स्वीकृत राशि का पारदर्शी और प्रभावी उपयोग हो सके। सोसाइटी ने चेतावनी दी कि यदि उचित निर्देश जारी नहीं किए गए तो जिले में अनिश्चितकालीन बंद की घोषणा के लिए नागरिक बाध्य हो सकते हैं, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस दौरान समिति के सचिव देवेंद्र सिंह राठौड़, अतुल तिवारी, नीरज चौरसिया, अजय कटारे और संजय तिवारी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-1300
उच्चतम भाव-6190
सरसों
न्यूनतम भाव-2770
उच्चतम भाव-6800
चना
न्यूनतम भाव-3200
उच्चतम भाव-5530
मसूर
न्यूनतम भाव-2800
उच्चतम भाव-6200
ज्वार
न्यूनतम भाव-5025
उच्चतम भाव-6300
मक्का
न्यूनतम भाव-1250
उच्चतम भाव-1551
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2200
उच्चतम भाव-3488
धान
न्यूनतम भाव-1350
उच्चतम भाव-4241
तुअर
न्यूनतम भाव-5700
उच्चतम भाव-7100
उड़द
न्यूनतम भाव-4300
उच्चतम भाव-6600
गेहूं
न्यूनतम भाव -1400
उच्चतम भाव- 3265
धनिया
न्यूनतम भाव-9000
उच्चतम भाव-9600

### कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में सोमवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मण्डी में 11413 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### नौनिहालों ने निकाली स्वच्छता रैली




**गंजबासौदा।** वार्ड क्रमांक 14 स्थित एक निजी विद्यालय में स्वच्छता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ संचालक हेमंत सोनी द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। रैली विद्यालय से प्रारम्भ होकर वार्ड की गलियों से होकर वापिस विद्यालय पहुंची। विद्यालय के संचालक ने बच्चों को अपने-अपने घरों से निकलने वाले कचरे को कचरा गाडी में अलग-अलग देने के लिए समझाया और कहा कि शहर की स्वच्छता की जिम्मेदारी प्रत्येक शहरवासी की है, हमारा शहर तभी साफ होगा जब उसमें सभी का हाथ होगा, बच्चे जागरूकता नारों से सुसज्जित तख्तियों को हाथों में बेनर लिए हुए, नारे लगाते हुए चल रहे थे। चार डस्टबिन जो अलग-अलग कचरे के पृथक्करण में सहयोगी है, जिसे हर घर में अपनाने की जरूरत है का संदेश देते हुए शहरवासियों को स्वच्छता का संदेश दिया एवं समस्त विद्यार्थियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई तथा स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रति किया।

# सैकड़ों वर्ष पुरानी विशालकाय नटराज उपेक्षा की शिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





प्रसिद्ध पुरातात्विक नगरी उदयपुर के पास सन 1050 में निर्मित विश्व की विशालतम नटराज प्रतिमा मौजूद है। जिसकी लम्बाई 28 फिट, चौड़ाई 12 फिट, मोटाई 3 से 4 फिट है। एक विशाल शिला पर बनी नटराज प्रतिमा तक जाने के लिये कच्चा रास्ता है जिसमें गाड़ी तो दूर की बात है पैदल चलना भी मुश्किल है। उदयपुर से मुरादपुर के बीच मुख्य मार्ग से कुछ मीटर की दूरी पर पहाड़ की तलहटी में स्थित प्रतिमा को देखने प्रदेश ही नहीं भारत वर्ष के अलावा विदेशों से पर्यटक आते हैं। ऐतिहासिक और पुरातात्विक महत्व की विश्व की विशालतम नटराज प्रतिमा को लेकर प्रशासन इतना उदासीन है कि अभी तक मुख्य मार्ग से कुछ मीटर दूर प्रतिमा तक पहुंचने के लिए न तो पुरातत्व विभाग ने, न संस्कृति विभाग ने, न जनपद पंचायत प्रशासन ने और न ही लोक निर्माण विभाग ने कोई कार्रवाई की है। जनप्रतिनिधियों की ओर से भी इस प्रतिमा तक पहुंच मार्ग के लिए उपेक्षित व्यवहार रहा है। हांलाकि कुछ समय पूर्व इंटेक द्वारा पुरातत्व विभाग से अनुमति लेकर नटराज प्रतिमा की चार दीवारी पर प्लास्टर व ग्राउंड फ्लोरिंग का कार्य लाखों रूपयें मे करवाया गया था, लेकिन पहुंच मार्ग की उचित व्यवस्था नहीं होने से पर्यटक यहां तक पहुंचने के लिए परेशान होते रहते हैं। जिसकी वजह से पर्यटक उक्त विशालतम मूर्ति के दर्शन से वंचित हो रहे हैं। नागरिकों ने संबंधित विभाग, प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से मार्ग का निर्माण कराने की मांग की है।

# सड़क के बीच का डिवाइडर हटाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मिनी स्मार्ट सिटी अंतर्गत नगरपालिका द्वारा बरेड रोड पर सड़क चौड़ीकरण का कार्य किया जा रहा है। इसके अंतर्गत जयस्तंभ चौक से बरेठ रोड पर विद्युत कंपनी कार्यालय के सामने स्थित पुराना डिवाइडर काफी चौड़ा था, जिसके कारण आए दिन जाम की स्थिति निर्मित होती थी एवं यातायात व्यवस्था प्रभावित होती थी। इसी परेशानी को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका द्वारा सड़क के बीच सीमेंट से बने डिवाइडर को नगरपालिका की जेसीबी मशीन की सहायता से हटाया गया। डिवाइडर के हट जाने के बाद सड़क चौड़ी दिखाई देने लगी है। इसके स्थान पर छोटा और पतला डिवाइडर बनाया जाएगा। जिससे सड़क चौड़ी हो जाऐगी एवं जाम की समस्या से कुछ हद तक निजात मिल जाऐगी। यहां उल्लेखनीय है कि बरेठ रोड पर मिनी स्मार्ट सिटी के तहत सडक के दोनों ओर चौडीकरण किया जा रहा है। इस कार्य के तहत जयस्तंभ चौक से दादजी प्लाजा के पहले तक सडक के दोनों ओर दुकानों के कारण मार्ग संकरा हो रहा था। एक ओर विद्युत कंपनी कार्यालय से सटकर दुकानें हैं और दूसरी ओर पोस्ट ऑफिस बाउंड्री से लगकर दुकानें रखी हैं। जबकि बीच में चौडा डिवाइडर बना था। इस कारण चौडीकरण के दौरान इस डिवाइडर को भी हटा दिया गया।

## संदीपनी विद्यालय राजेंद्र नगर में आयोजित हुआ ब्लॉक स्तरीय दिव्यांग शिविर

# दिव्यांग शिविर में 77 विद्यार्थियों को वितरित किए उपयोगी उपकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा







ब्लॉक स्तरीय दिव्यांग शिविर का आयोजन सोमवार को संदीपनी विद्यालय राजेंद्र नगर में किया गया। जिसमें ब्लॉक के चिन्हित 77 दिव्यांग छात्र छात्राओं ने अपने पालकों के साथ सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक हरिसिंह रघुवंशी ,नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, एसडीएम अनुभा जैन सहित ब्लॉक शिक्षा अधिकारी परता अहिरवार, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक बृजेंद्र सिंह रघुवंशी ने माँ शारदा की पूजन अर्चना के साथ किया। ब्लॉक से शहरी एवं ग्रामीण अंचल से आये चिन्हित 77 दिव्यांग छात्र छात्राओं को जांच के उपरांत उपकरणों का वितरण किया गया। इस अवसर पर विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने कार्यक्रम में आये छात्र छात्राओं एवं उनके साथ आये अभिभावकों को शासन द्वारा प्रदत्त उपकरणों का उपयोग कर स्वयं को इनके उपयोग से लाभ लेने का आव्हान किया। नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव ने कहा कि समय समय पर शासन द्वारा विशेष जांच शिविर लगाया जाता है एवं उपकरणों का वितरण किया जाता रहा है। शासन के मंशानुरूप इनका इस्तेमाल कर सबल बनें एवं इसका लाभ लें। कार्यक्रम में शामिल छात्र छात्राओं को भोजन के पैकेट प्रदान किये गए एवं उपकरणों का वितरण किया गया। विदिशा से आईं ज्योति केदारे, रितेश देशमुख द्वारा उपकरणों को उपयोग करने के तरीके बताए गए। कार्यक्रम में उपस्थित समस्त अतिथि, छात्र, छात्राओं का विकासखंड स्त्रोत समन्वयक एवं शिक्षक अमर सिंह तोमर द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में बीएससी संदीप शर्मा, अंजलि शर्मा, राजीव शर्मा, अफजल हुसैन रिजवी, सीएससी अजय सक्सेना, अभिषेक माथुर, कृपाराम सेन, संजय विश्वकर्मा, अमित श्रीवास्तव, अविनाश कटारिया सहित शिक्षक शिक्षिकाओं ने सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन अमर सिंह तोमर ने किया। उपकरण वितरण शिविर में दिव्यांग बच्चों को ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर, कैलिपर्स, रोलेटर, सीपी चेयर, टीएलएम किट, कैलीपर्स, ब्रेल किट, श्रवण यंत्र आदि उपकरण निःशुल्क वितरित किए गए। इस दौरान अनेक लोग मौजूद रहे।

# खाटू श्याम की 700 किमी की निशानी पदयात्रा पर रवाना हुए तीन भक्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

जब खाटू वाले श्याम बुलाते हैं, तब भक्त बहाने नहीं ढूंढता वह अपने मन की गठरी उतारकर, पैरों में विश्वास बांधकर चल पड़ता है। ना वह दूरी देखता, ना समय और ना ही थकान। बस एक भाव मन में लिए कि कब बाबा के दर्शन हो जाए। कुछ ऐसी ही अभिलाषा मन में लिए ग्रामीण क्षेत्र के तीन श्याम भक्त अपने गांव से नगर में आए और खाटू श्याम मंदिर से निशान यात्रा लेकर श्रद्धा, भक्ति और आस्था के साथ बाबा के दर्शन का संकल्प लेकर राजस्थान के लिए रवाना हो गए। सोमवार को पदयात्रा पर निकले श्याम भक्तों की 700 किलोमीटर लंबी यात्रा उसी बुलावे का उत्तर है। यह यात्रा दूरी की नहीं, समर्पण की है और थकान की नहीं, तप की है जो करीब 20 दिनों में पूरी होगी, ताकि बाबा की प्रिय ग्यारस को उनके दर्शन की चाह पूरी हो जाए। तीनों श्याम भक्त नगर के करीब ग्राम ककरावदा, काचरोद के रहवासी हैं। सोमवार को दोपहर करीब 11.30 बजे बाबा के चित्रों से छपी केसरिया पीली ध्वजा को हाथों में थामे ढोल ढमाकों के साथ तीन श्याम भक्त वार्ड 13 चक्क स्वरूप नगर स्थित खाटू श्याम मंदिर में बाबा के जयकारा लगाते हुए पहुंचे, तो एकाएक मंदिर में मौजूद भक्त उनकी मनसा को नहीं समझ पाए। सभी ने सोचा कि किसी अन्य जगह से श्याम भक्त बाबा को ध्वजा चढ़ाने आए हैं। लेकिन जब श्याम भक्तों ने अपने भाव प्रकट किए तो मंदिर के पुजारी वीरेंद्र दुबे ने ध्वजा का पूजन-अर्चन कर श्याम-नाम का आशीर्वाद दिया और तीनों श्याम भक्तों का मालाएं पहनाकर अभिवादन करते हुए यात्रा की शुभकामनाएं दी। नगर के खाटू श्याम मंदिर से ध्वजा उठी तो मानो श्रद्धा ने कंधा दे दिया। मंदिर में मौजूद श्याम भक्त आशीष 'विक्की' अरोरा, राहुल शर्मा सहित मंदिर परिवार ने पदयात्रियों को मालाएँ पहनाकर श्याम-दुपट्टा ओढ़ाया। अरोरा ने बताया कि यात्रा हमें याद दिलाती है कि भक्ति मंदिर की चौखट पर खत्म नहीं होती। बाबा श्याम की ध्वजा लेकर तीनों भक्त जब मंदिर से निकलकर चक्क वाले बालाजी हनुमान मंदिर पहुंचे जहां उन्होंने हनुमान जी महाराज को प्रणाम करते हुए श्रीराम जय राम जय जय राम मंत्र का कीर्तन किया और हनुमान जी महाराज का आशीर्वाद लेकर यात्रा की मंगल कामना। मंदिर के पुजारी मनोज शर्मा ने भी तीनों पद यात्रियों को यात्रा की मंगल कामनाएं शुभकामनाएं दीं। तीनों पद यात्री श्याम भक्तों के साथ स्टेशन रोड, बरेठ रोड, नया बस स्टैंड होकर तिरंगा चौक से होते हुए सिरोंज के लिए रवाना हुए। जगह-जगह श्याम भक्तों का पुष्पहारों से स्वागत किया गया। यह यात्रा सिरोंज, आरोन, राघोगढ़, बांरा, राजस्थान, जयपुर होते हुए खाटू धाम तक पहुंचेगी।

# विधायक ने किया सामुदायिक भवन का भूमि पूजन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने ग्राम छीपनी में 25 लाख की राशि से सामुदायिक भवन निर्माण के लिए भूमि पूजन कर ग्रामवासियों के साथ संवाद किया। इस मौके पर विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया। जिससे ग्रामवासियों में खुशी और उत्साह का माहौल था। विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने ग्रामवासियों की समस्याओं को सुना और उनका तत्काल प्रभाव से निराकरण किया, जो कि एक अच्छा उदाहरण है कि कैसे जनप्रतिनिधि अपने क्षेत्र के लोगों की जरूरतों को समझकर उनकी मदद कर सकते हैं। कार्यक्रम में लाखन सिंह रघुवंशी, सरपंच अनीता रघुवंशी सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी शामिल हुए।

# स्वच्छता की पाठशाला का आयोजन हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 के अंतर्गत नगर पालिका परिषद (ULB कोड : 802308) के मार्गदर्शन में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्वच्छता की पाठशाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान पूर्व स्वास्थ्य अधिकारी आरके नेमा के द्वारा छात्र-छात्राओं को स्वच्छता एवं कचरा प्रबंधन की जानकारी दी गई। वहीं आवरण सोशल वेलफेयर सोसाइटी, सहयोगी संस्था नगर पालिका परिषद से अभिषेक शर्मा द्वारा आरआरआर (Reduce, Reuse, Recycle) की अवधारणा को सरल शब्दों में समझाते हुए गीले एवं सूखे कचरे के पृथक्करण और स्वच्छ आदतों को अपनाने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर स्वच्छता क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 10 विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में पूर्व स्वास्थ्य अधिकारी आरके नेमा द्वारा यह संदेश भी दिया गया कि यदि 10 विद्यार्थी 10–10 लोगों को स्वच्छता के लिए जागरूक करें, तो यह जागरूकता 100 से 1000 लोगों तक पहुँचेगी और समाज के सभी वर्ग स्वच्छता के प्रति जागरूक होंगे। कार्यक्रम के अंत में छात्र-छात्राओं को स्वच्छता शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण एवं संस्था की टीम की उपस्थिति में कार्यक्रम सफलता पूर्वक संपन्न हुआ।

## शिव महापुराण कथा सुनने उमड़ रहा जनसैलाब

# समर्पण भाव से ही प्रभु की प्राप्ति हो सकती है: ऐलिया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

राजेंद्र नगर क्षेत्र में डिडौली मंदिर के पास नीरज शर्मा के बगीचे में शिव महापुराण कथा का आयोजन हो रहा है। जिसमें शिव महापुराण कथा का वाचन आचार्य पंडित विकास आनंद ऐलिया के द्वारा किया जा रहा है। जिनके द्वारा कथा के दौरान विभिन्न प्रसंगों का विस्तार से वर्णन किया जा रहा है। पंडित विकास आनंद एलिया ने कहा कि प्रभु की कथा में तीन देवी देवताओं का प्राकट्य होता है श्रद्धा, विश्वास, समर्पण। कथा सुनने के पश्चात तुम्हारे ह्रदय में श्रद्धा विश्वास समर्पण प्रकट हो जाए तो समझ लीजिए कथा आपकी सफल हो गई। श्रद्धा विश्वास समर्पण भाव से ही प्रभु की प्राप्ति हो सकती है। जिसे भगवान का प्रेम प्राप्त हो वह भाग्यशाली है। भगवान के विषय में जानने के लिए जिज्ञासु हो, वह भाग्यवान है। हम लोग जिस कलयुग में जी रहे हैं इस युग में बड़े-बड़े महात्माओं ने गहरा चिंतन किया है जो भक्ति को धारण करता है वह कलयुग के प्रभाव से बच जाता है। जीवन में तीन ताप परेशान करें तो भगवान के निकट पहुंच जाएं जिससे हमें तीनों ताप से छुटकारा मिलता है। उन्होंने बताया कि भगवान शिव को यदि श्रद्धा से प्रतिदिन एक लोटा शुद्ध जल अर्पित किया जाए, तो जीवन के समस्त रोग, शोक और दरिद्रता दूर हो सकती है। कथा स्थल पर मौजूद श्रद्धालु भाव विभोर होकर शिवभक्ति में लीन दिखाई दिए। कथा का वाचन दोपहर 2 बजे से किया जा रहा है। कथा के मुख्य यजमान नीता नीरज शर्मा, वंदना दिलीप शर्मा, आचार्य , अतिथिगण सहित सभी भक्तों ने मिलजुल कर सहयोग दिया।

### यातायात पुलिस ने किया जुर्माना




**गंजबासौदा।** सोमवार को यातायात पुलिस द्वारा त्योंदा रोड पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें यातायात प्रभारी निरपत सिंह लोधी के नेतृत्व में बगैर हेलमेट और तीन सवारी और फोर व्हीलर वाहनों पर सीट बेल्ट का उपयोग न करने वाले वाहनों की जांच की गई। जिसमें करीब 6 वाहन चालकों पर करीब 1800 रूपए का जुर्माना लगाया गया और नियमानुसार एवं सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ वाहन चलाने की समझाइश दी गई।

# महाशिवरात्रि पर्व को लेकर एसपी ने किया निरीक्षण





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

महाशिवरात्रि पर्व को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने विधायक हरिसिंह रघुवंशी के साथ सोमवार को उदयपुर स्थित नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर परिसर का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से बैठक कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक काशवानी ने मंदिर परिसर, श्रद्धालुओं के पहुंच मार्ग, पेयजल व्यवस्था, साफ-सफाई, विद्युत व्यवस्था एवं भीड़ प्रबंधन से संबंधित तैयारियों का सूक्ष्म निरीक्षण किया। श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए उन्होंने संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। काशवानी ने यातायात व्यवस्था, पार्किंग प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखने तथा आवश्यक बैरिकेडिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही स्वच्छता, पेयजल एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की जिम्मेदारी संबंधित विभागों को सौंपते हुए समुचित व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए। उन्होंने ने कहा कि महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना को देखते हुए सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें, ताकि पर्व का आयोजन शांतिपूर्ण, सुचारु एवं सुरक्षित रूप से संपन्न हो सके। इस अवसर अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर, जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोडिया, एसडीएम अनुभा जैन, एसडीओपी शिखा भलावी, तहसीलदार अरविंद यादव, शहर थाना प्रभारी संजय वेदिया, देहात थाना प्रभारी मनोज दुबे, यातायात निरीक्षक निरपत सिंह लोधी, सचिन शर्मा, प्रेम कपूर, सौरभ द्विवेदी, सुंदर जाट, डालचंद पाल मौजूद रहे।

TRACTOR FOR SALE
NEW HOLLAND 3630 TX 2WD
MODEL -2024
ENGINE NO.-
462458DX
CHASSIS NO.-
NHN36300ZRJ711144
CONTACT-
SUNDARAM FINANCE
LTD. VIDISHA (M.P.)
M : 9425600144

## खबर संक्षेप

### पाइप लाइन से आ रहा गंदा पानी

**खुरई।** पुराने दीनदयाल उपाध्याय वार्ड में गुरुद्वारे के पीछे मोहल्ले में पेयजल सप्लाई में गन्दा पानी आ रहा है। शिशिर अग्रवाल, देवेन्द्र जैन ने बताया कि प्रतिदिन जल सप्लाई में शुरुआत में गन्दा पानी बदबूदार आता है। पाइप लाइन का कनेक्शन कहीं नाली के पानी से हो रहा है। जिससे यह समस्या हो रही है। नगर पालिका से सुधार की मांग की गई है।

### जैसीनगर में जनसुनवाई आज, कलेक्टर संदीप जे आर रहेंगे मौजूद

**सागर।** सागर जिले के जैसीनगर विकासखंड में 10 फरवरी दिन मंगलवार को विशेष जनसुनवाई आयोजित की जाएगी जिसमें कलेक्टर संदीप जी आर सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहेंगे। आयोजित होने वाली इस जनसुनवाई का मुख्य उद्देश्य प्रशासन को सीधे जनता के द्वार तक ले जाना है। विशेष जनसुनवाई दोपहर 12 बजे से आरंभ की जाएगी।आमतौर पर ग्रामीणों को अपनी समस्याओं के लिए जिला मुख्यालय के आना पड़ता है। जैसीनगर में इस शिविर के आयोजन का अर्थ है कि मौके पर ही शिकायतों की जांच कर उनका समाधान किया जाएगा। यहां वृद्ध, दिव्यांग और आर्थिक रूप से कमजोर लोग जो जिला मुख्यालय नहीं जा सकते, वे अपने ही क्षेत्र में कलेक्टर से मिल सकेंगे। चूंकि कलेक्टर के साथ जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहेंगे, इसलिए विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं का त्वरित समाधान हो सकेगा। राजस्व विभाग के अंतर्गत सीमांकन, नामांतरण और पट्टा संबंधी मामले, पंचायत एवं ग्रामीण विकास के तहत पीएम आवास योजना, मनरेगा और गांव की बुनियादी सुविधाएं (सड़क, नाली), खाद्य विभाग के अंतर्गत राशन कार्ड, लाड़ली लक्ष्मी योजना और आंगनवाड़ी से जुड़ी सेवाएं जैसे अन्य सभी प्रकार की जनसुनवाई मौके पर समाधान सहित होगी।

# अनियंत्रित होकर पलटी कार चालक की मौके पर ही मौत

## नागरिक यातायात निमयों का पालन करें तो दुघर्टनाओं का ग्राफ कम हो सकता है: यातायात प्रभारी रीतेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



क्षेत्र में हो रही सड़क दुर्घटनाओं की बात की जाए तो स्थिति यह है कि सड़क दुर्घटनाओं का ग्राफ लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे हर दिन अनमोल जानें जा रही हैं। जिनमें 20 से 30 वर्ष के युवा सबसे अधिक प्रभावित हैं।

तेज रफ्तार वाहन, नाइट ड्राइविंग, हेलमेट न पहनना, और शराब का सेवन करके वाहन चलाना आदि चलते हर दिन सैकड़ों परिवारों को उजाड़ रहे हैं। नगर के लटेरी रोड स्थित पं दीन दयाल पार्क के आगे मोड पर रविवार को रात्रि 10 बजें के आसपास एक कार अनियंत्रित होकर पलट गई। घटना में कार चालक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुची पुलिस ने कार चालक को शासकीय राजीव गांधी चिकित्सालय भेंजा। सोमवार को युवक का पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौपा गया। मिली जानकारी अनुसार कार चालक की पहचान टीकमगढ निवासी अनुज खत्री के रूप में हुई। अनुज एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए सिरोंज आया हुआ था। हादसे वाली रात अनुज अपनी सफारी कार लेकर लटेरी रोड की ओर गया था। वही लौटते समय पार्क के आगें मोड पर कार बेकाबू होने से कार सड़क के नीचे खाई में जा गिरी और कार पूरी तरह चकनाचूर हो गई।

### वाहन की तेज गति रोमांच देती है लेकिन जान भी ले सकती है

*जब हरिभूमि से यातायात प्रभारी रीतेश बघेला से चर्चा की तो उन्होने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यातायात पुलिस द्वारा समय-समय पर आम नागरिकों से अपील की जाती है। यातायात नियमों का पालन करना जीवन की रक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। वाहन को हमेशा नियंत्रित और निर्धारित गति सीमा में ही चलाना चाहिए। वाहन की तेज गति रोमांच देती है, लेकिन जान भी ले सकती है। दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट चालक और पीछे बैठने वाले दोनों और चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट का उपयोग अनिवार्य रूप से करना चाहिए। साथ ही शराब या नशीले पदार्थों का सेवन करके गाड़ी चलाना गंभीर अपराध है और यह दुर्घटनाओं का मुख्य कारण है। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन पर बात व मैसेज नही करना चाहिए। इससे ध्यान भटकाता है। वही वाहन चलाते समय यह सुनिश्चित करें कि आपके वाहन की लाइटें, ब्रेक और टायर्स सही स्थिति में है या नही। वही उन्होने कहा कि यदि नागरिक यातायात नियमो का पालन करे और वाहनो को धीमी गति से चलाए तो सड़क दुघर्टनाओं का ग्राफ काफी घट सकता है।*

# दो करोड़ दस लाख रुपए की लागत से बनने वाले बायपास का विधायक उमाकांत शर्मा ने किया भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोज

क्षेत्र के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल बाबा विश्वनाथ धाम देवपुर जाने वाले श्रद्धालुओं का आवागमन अब आसान हो जाएगा। विधायक उमाकांत शर्मा के प्रयासों से अब सिरोंज आरोन मार्ग से देवपुर मंदिर के लिए बायपास मार्ग का निर्माण किया जाएगा। सोमवार को विधायक शर्मा ने एक कार्यक्रम में करीब दो करोड़ दस लाख रु की लागत से बनने वाले बायपास मार्ग की आधारशिला रखी। शहर से 12 किमी दूर स्थित तीर्थ क्षेत्र देवपुर में धार्मिक त्यौहार,उत्सवों तथा श्रावण मास के दौरान आयोजित मेले में सिरोंज आरोन मार्ग पर स्थित ग्राम देवपुर में बड़ी संख्या में सिरोंज शहर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों से उमड़ने वाले श्रद्धालुओं एवं आवागमन करने वालों को भारी ट्रैफिक जाम की समस्या का सामना करना पड़ता था। विधायक उमाकांत शर्मा श्रद्धालुओं एवं क्षेत्रवासियों को इस बड़ी समस्या से निजात दिलाने के लिए लगातार प्रयासरत थे।

### देवपुर एक बड़ा और पवित्र स्थान

*इस अवसर पर ग्राम देवपुर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक उमाकांत शर्मा ने कहा कि लोकतंत्र मे लोक कल्याण की भावना से सरकारे बनती है। वही उन्होंने देवपुर के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देवपुर एक बड़ा और पवित्र स्थान है। आज के युवाओ को भी यहां के इतिहास से अवगत कराया जाये मै याद कर रहा हूँ देवपुर के चारो तरफ के लोगो ने यहां सेवा की है यहां एक श्री कीरत पूरी जी महाराज जो की खिरिया दांगी के रहने वाले थे उन्होंने धन संग्रह करके पुरानी वाली दालान को बनाया था। जब से देश मे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री मोहन यादव की सरकार बनी है तब से सभी तीर्थ क्षेत्रो का खूब विकास हो रहा है अयोध्या मे श्री राम मंदिर,उज्जैन मे महाकाल लोक सहित सभी तीर्थ क्षेत्रो का विकास हो रहा है। राम वन गमन पथ जिसका सर्वे पूर्व मंत्री लक्ष्मीकांत शर्मा के समय हुआ था। उसका भी निर्माण हो रहा है आप सबका हमें भरपूर प्रेम और स्नेह मिला है। सन 1993 मैं पहली बार लक्ष्मीकांत शर्मा शर्मा विधायक चुने गए थे और लगातार विधायक फिर मंत्री बने यदि 2013 का चुनाव छोड़ दिया जाए तो हमें सदैव आप सबका स्नेह निरंतर मिल रहा है 2013 का चुनाव ही कारण है कि सिरोंज विकास में पीछे गया। लक्ष्मीकांत शर्मा के द्वारा किए गए विकास कार्यों को गिना पाना संभव नहीं है लेकिन यह तय है कि यदि विकास के विषय में तुलना की जाएगी तो सदैव उनका पलड़ा भारी निकलेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि वन विभाग के द्वारा देवपुर के संबंधी अतिक्रमण हटाने का प्रयास कर रहे हैं। इस मौके पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं नागरिकगण उपस्थित रहें।*

## गुस्साए ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

# लक्ष्मी नारायण मंदिर में रखी मूर्तियों को असामाजिक तत्वों ने किया खंडित



### मंदिर में नई मूर्ति स्थापित करने हेतु विधायक सप्रे ने 51 हजार रुपए की राशि देने की कही बात

**सिरोंज।** रविवार की रात्रि ग्राम गोपाल नगर के प्राचीन लक्ष्मी नारायण मंदिर में असामाजिक तत्वों ने मंदिर में रखी मूर्तियों को खंडित कर दिया। तो वही मंदिर में रखी मूर्तियों में हुई तोड फोड की जानकारी जैसे ही हिन्दू संगठनों को लगी तो ग्राम व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रो से बडी संख्या में हिन्दू संगठनो ने मौके पर पहुचकर विरोध प्रदर्शन करते हुए मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। ग्रामीणो ने बताया कि अज्ञात लोगों द्वारा रात्रि में गोपाल नगर के प्राचीन लक्ष्मी नारायण मंदिर में प्राचीन मूर्तियों को खंडित कर दिया गया। ग्रामीणो द्वारा घटना की सूचना सुबह दीपनाखेडा थाने को दी। ग्रामीणो द्वारा किए गए चक्काजाम की जानकारी जैसे ही पुलिस एसडीओपी सुश्री सोनू डाबर को लगी तो वह मौके पर पहुची और ग्रामीण को समझाइश देकर चक्काजाम समाप्त कराया।

### हर व्यक्ति को जाना चाहिए मंदिर: विधायक

ग्राम गोपाल नगर के प्राचीन मंदिर में मूर्तियो को खंडित करने की घटना की जानकारी लगते ही क्षेत्रीय विधायक हरि सिंह सप्रे मौके पर पहुचें और उन्होने पुलिस प्रशासन को सख्त निर्देश देते हुए घटना के आरोपियो को जल्द गिरफ्तार किया जाए। वही मंदिर की सुरक्षा हेतु सीसीटीवी कैमरे लगाने व मंदिर में नई मूर्ति स्थापित करने हेतु अपनी ओर से 51 हजार रूपये की राशि देने की बात कही। वही उन्होने कहा कि हर व्यक्ति को मंदिर जरूर जाना चाहिए यदि मंदिर में चहल पहल हो कुछ लोग मंदिर में रूके तो चोरी व अन्य घटनाओं को अंजाम देने वाले आरोपियो में भय उत्पन्न होगा। जिससे ऐसी घटनाएं भी घटना कम होगा। इस मौके पर पुलिस एसडीओपी सुश्री सोनू डाबर,सिरोंज थाना प्रभारी विमलेश कुमार राय,दीपनाखेडा थाना प्रभारी सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहें।



# कृषक संगोष्ठी से किसानों को दी आधुनिक तकनीक की जानकारी

**योजनाओं, पात्रता और आवेदन प्रक्रिया पर मार्गदर्शन दिया।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

कृषक कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत विदिशा विकासखंड की ग्राम पंचायत जीवजीपुर, खामखेड़ा एवं खेरुआ हाट में कृषि रथ संचालन के साथ कृषक संगोष्ठी आयोजित की गई।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लेकर आधुनिक कृषि तकनीकों और शासकीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। पशुपालन, कृषि, उद्यानिकी, कृषि अभियांत्रिकी, पंजाब नेशनल बैंक, कृषि उपज मंडी तथा आत्मा परियोजना के अधिकारियों ने विभागीय योजनाओं, पात्रता और आवेदन प्रक्रिया पर मार्गदर्शन दिया।

संगोष्ठी में फसल विविधीकरण, जैविक व प्राकृतिक खेती, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, टोकन प्रणाली तथा रोग-कीट प्रबंधन पर विशेष चर्चा हुई। बसोदा कृषि महाविद्यालय की डॉ. अपर्णा ने प्राकृतिक खेती में उपयोगी जैविक उत्पाद बनाने की विधि बताई। अंत में नरवाई प्रबंधन की शपथ दिलाकर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम से किसानों की आय बढ़ाने और टिकाऊ कृषि को बढ़ावा मिलने की उम्मीद व्यक्त की गई।

### युवक ने खाया जहर इलाज के दौरान मौत

**विदिशा।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के बंटी नगर में रहने वाले 26 वर्षीय दिनेश दांगी ने अज्ञात कारणों के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे तत्काल मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। गुरुवार को मेडिकल कॉलेज में पोस्टमार्टम की कार्रवाई पूरी कर शव परिजनों को सौंप दिया गया। घटना के पीछे के कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सके हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और परिजनों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं, ताकि वास्तविक कारणों का पता लगाया जा सके।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**विदिशा।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत रीठाफाटक निवासी युवक विशाल जोशी ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। परिजनों के अनुसार विशाल पर लगभग 35 हजार रुपए का कर्ज था और कर्ज देने वाला व्यक्ति उसे लगातार डरा-धमका रहा था। मृतक के मामा विक्की जोशी ने बताया कि घटना से एक दिन पहले विशाल ने फोन पर अपनी परेशानी बताई थी। परिजन कर्ज के दबाव को आत्महत्या का कारण मान रहे हैं।

### जन अभियान परिषद से संबध ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के कार्यालय का उद्घाटन

**अहमदपुर कस्बा।** ग्राम अहमदपुर कस्बा में ग्राम विकास प्रश्नफुटन समिति के कार्यालय का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जन अभियान परिषद से जिला समन्वयक पूजा श्रीवास्तव एवं विकासखंड समन्वयक दीपक बाथम उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम सरपंच शिवचरण शर्मा ने भारत माता के समक्ष दीप प्रचलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सरपंच ने अपनी उद्बोधन में जन अभियान परिषद के सामूहिक सहभागिता कार्य पर अपना उद्बोधन दिया। उन्होंने परिषद के कार्यों की प्रशंसा की। कार्यक्रम में समाजसेवी एवं समिति सचिव प्रदीप श्रीवास्तव, समिति अध्यक्ष तुलसीराम लोधी, नवांकुर संस्था से अध्यक्ष लाखन सिंह कुशवाह एवं समिति सदस्य विजय शर्मा, देवेंद्र नामदेव, तुलसीराम साहू आदि उपस्थित रहे।

# विदिशा लौटीं एनसीसी कैडेट अदिति और रितिक का किया जोरदार स्वागत

## कर्तव्य पथ पर परेड कर बढ़ाया विदिशा और महाविद्यालय का गौरव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा



सेंट मैरी पीजी महाविद्यालय विदिशा के एनसीसी कैडेट सार्जेंट अदिति बड़ोदिया एवं सीपीएल रितिक दांगी ने 26 जनवरी 2026 को कर्तव्य पथ, नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड में सहभागिता कर जिले और महाविद्यालय का नाम रोशन किया।

उनके वापस लौटने पर महाविद्यालय की एनसीसी यूनिट द्वारा भव्य शोभायात्रा और स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। शोभायात्रा मुख्य मार्गों से होती हुई महाविद्यालय परिसर पहुंची, जहां व्यापारी वर्ग और सामाजिक संस्थाओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक मुकेश टंडन, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा तथा 14 एमपी बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल विकास गुप्ता (शौर्य चक्र) उपस्थित रहे। अतिथियों ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया और कैडेट्स को पुष्पहार पहनाकर सम्मानित किया। महाविद्यालय संचालक फादर सिन्टो वर्गिस ने भी अतिथियों का सम्मान कर कैडेट्स का उत्साहवर्धन किया। एनसीसी अधिकारी कैप्टन डॉ. रामानंद मिश्रा ने इसे महाविद्यालय के लिए गर्व का क्षण बताया। कार्यक्रम में सूबेदार मेजर हृदय रंजन सहित स्टाफ, छात्र-छात्राओं और एनसीसी कैडेट्स की सक्रिय भागीदारी रही, जिससे आयोजन सफल रहा।

**महाशिवरात्रि पर पवित्रता का महाव्रत लेने का संदेश:** **विदिशा।** गुलाबगंज में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा परमपिता परमात्मा की 90वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य मार्गों से दिव्य शोभायात्रा निकाली गई तथा महाराष्ट्र से पधारी राजयोगिनी संध्या दीदी, विदिशा विधायक मुकेश टंडन सहित अन्य गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी ने कहा कि विश्व की महान विभूतियों के जन्मोत्सव दिन में मनाए जाते हैं, किंतु परमात्मा शिव की जयंती 'शिवरात्रि' के रूप में मनाई जाती है क्योंकि वे निराकार, अयोनि और जन्म-मरण से परे हैं। उनका अवतरण अज्ञान रूपी रात्रि को समाप्त कर मानवता को जागृत करने के लिए होता है। संध्या दीदी ने शिवरात्रि को निराकार परमात्मा के दिव्य अवतरण की स्मृति बताते हुए आध्यात्मिक जीवन अपनाने का संदेश दिया।

# रामजानकी मंदिर में ग्यारह देवियों की स्थापना के साथ विशाल भंडारा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ शमशाबाद

नगर के रामजानकी मंदिर बाबड़ी परिसर में आयोजित 7 दिवसीय धार्मिक यज्ञ का विधिवत समापन वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ किया गया। यज्ञ के उपरांत ग्यारह देवियों की भव्य मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा की गई।

इस अवसर पर विशाल प्रसादी भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में श्रद्धालुओं की उपस्थिति देर शाम तक बनी रही।

विशेष बात यह है कि यह मंदिर शमशाबाद नगर का पहला ऐसा मंदिर है, जहां एक साथ ग्यारह देवियों के साथ भगवान विष्णु, भोलेनाथ, श्रीराम जानकी सहित अन्य देवी-देवताओं की मूर्तियां स्थापित की गई हैं। मंदिर परिसर में स्थापित दिव्य प्रतिमाएं श्रद्धालुओं के लिए आस्था और श्रद्धा का नया केंद्र बन गई हैं।

### जनगणना समन्वय समिति की बैठक हुई

**विदिशा।** कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी अनिल कुमार डामोर की अध्यक्षता में जिला जनगणना समन्वय समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिपं सीईओ ओपी सनोडिया सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे, जबकि खंड स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े। जिला योजना अधिकारी सेवाराम रैकवार ने दायित्व, प्रक्रियाएं और समयसीमा की जानकारी दी। जिला प्रभारी दीक्षा केशरवानी ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से चरण, डेटा संकलन और तकनीकी तैयारियों पर मार्गदर्शन दिया।

## वार्षिक उत्सव में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने जीता सभी का मन

# वर्ल्ड वे स्कूल में शिक्षा के साथ संस्कारों का समन्वय : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुलाबगंज

गुलाबगंज स्थित वर्ल्ड वे सीनियर सेकेंडरी स्कूल का वार्षिक उत्सव क्षेत्रीय विधायक मुकेश टंडन के मुख्य आतिथ्य, जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी की अध्यक्षता तथा विभिन्न जनप्रतिनिधियों के विशेष आतिथ्य में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल अध्यक्ष मजहर अली जाफरी, डायरेक्टर दानिश अली जाफरी और प्राचार्य अजय कुमार दास द्वारा अतिथियों के स्वागत से हुई। मुख्य अतिथि विधायक मुकेश टंडन ने कहा कि वर्ल्ड वे स्कूल क्षेत्र में शिक्षा की मजबूत जीवनरेखा बनकर उभरा है। यहां विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ संस्कार भी दिए जाते हैं।




रामलीला की प्रस्तुति का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि भगवान राम की विजय नैतिकता और नीति की शक्ति का प्रतीक है, जो बच्चों को जीवन मूल्यों की सीख देती है। जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी ने "धरोहर हमारी संस्कृति हमारी सभ्यता विषय को समाज की पहचान और उज्ज्वल भविष्य का आधार बताया। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तोरण सिंह दांगी ने विद्यालय परिवार को उत्कृष्ट आयोजन के लिए बधाई दी, वहीं भाजपा जिला उपाध्यक्ष संदीप डोंगर सिंह ने बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु खेल गतिविधियों पर जोर दिया। अन्य वक्ताओं ने विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता, सांस्कृतिक परंपराओं और संस्कार आधारित वातावरण की सराहना की। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, अभिभावक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समारोह को आकर्षक और प्रेरणादायी बना दिया।

# राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्यारसपुर

ओबीसी अधिकार परिषद जिला इकाई के नेतृत्व में सोमवार को ग्यारसपुर में बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के बाद परिषद के प्रतिनिधिमंडल ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के समर्थन, मप्र में ओबीसी वर्ग को प्रदत्त 27 प्रतिशत आरक्षण की पूर्ण रूप से लागू करने तथा एससी-एसटी-ओबीसी एवं सामान्य वर्ग (ईडब्ल्यूएस सहित) की स्पष्ट जातिगत जनगणना की मांग को लेकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन एसडीएम शशि मिश्रा को सौंपा।



ज्ञापन में कहा गया है कि यूजीसी उच्च शिक्षा व्यवस्था की रीढ़ है, जो शिक्षा की गुणवत्ता, समान अवसर और सामाजिक समावेशन की संवैधानिक गारंटी प्रदान करता है। यूजीसी की नीतियों को कमजोर करना पिछड़े, वंचित और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ होगा। इसलिए यूजीसी के संरक्षण और समर्थन की आवश्यकता है। प्रतिनिधिमंडल ने यह भी बताया कि मप्र में ओबीसी वर्ग को संविधान के तहत प्रदत्त 27 प्रतिशत आरक्षण में से वर्तमान में मात्र 13 प्रतिशत ही प्रभावी है, जबकि शेष 14 प्रतिशत आरक्षण लंबे समय से लंबित है।

# काले कानून का विरोध

सवर्ण समाज ने कहा - काला कानून (यूजीसी) वापस नहीं लिया तो, सड़क से लेकर संसद तक लड़ी जाएगी लड़ाई

# यूजीसी कानून के विरोध में लामबंद हुए सवर्ण समाज, बैठक आयोजित कर लिया निर्णय... करेंगे चरणबद्ध आंदोलन

भारत सरकार द्वारा यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन (यूजीसी) एक्ट में संशोधन के विरोध में सवर्ण समाज एकजुट हो गया है। हालांकि सुप्रीम कोर्ट द्वारा इसे लागू करने पर रोक लगा दी है, परन्तु सरकार द्वारा अभी एक्ट में कोई परिवर्तन नहीं किया है। इसी बात को लेकर ब्राम्हाण समाज द्वारा आवश्यक बैठक आयोजित की गई। जिसमें सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि सरकार अगर कानून वापस नहीं लेती तो चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा।

**ब्राम्हाण समाज ने आवश्यक बैठक बुलाकर यूजीसी कानून पर जताया विरोध, उग्र आंदोलन की तैयारी**

**शहर की सभी सवर्ण समाजों ने आंदोलन में एकजुटता दिखाने की पहल की**

**बैठक में निर्णय सरकार जब तक यूजीसी कानून वापस नहीं लेगी, तब तक करेंगे चरणबतद्ध आंदोलन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर के संस्कार बिहार मंदिर में आयोजित ब्राम्हाण समाज की बैठक वरिष्ठ समाजसेवी नरेशचंद चतुर्वेदी की अध्यक्षता में हुई, जिसमें सभी समाज बंधुओं ने कानून की भरसक निंदा की और निर्णय लिया कि सभी सवर्ण समाजों के लोग एकजुट होकर सरकार द्वारा थोपे गए अनावश्यक कानून के खिलाफ मोर्चा खोलेंगे और तब तक शांत नहीं बैठेंगे, जब तक कि सरकार इस कानून में बदलाव न कर दे।



बैठक में हरीश मिश्रा ने कहा कि यह कानून ब्राम्हाणों के खिलाफ षड़यंत्र पूर्वक बनाया गया है। ताकि देश में अराजकता का माहौल उत्पन्न हो सके, ऐसा हम होने नहीं देंगे।

अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष विनयकांत चतुर्वेदी ने कहा कि एक तरफ भाजपा जातपात मिटाने की बात करती है, वहीं दूसरी ओर ऐसे कानून लेकर आती है, जिससे जातिवाद खुलकर सामने आता है।

ब्राम्हाण समाज के अध्यक्ष संघर्ष शर्मा ने कहा कि यह समय एकजुटता दिखाने का है, सब भेदभाव भूलकर एकजुट होना पड़ेगा, अन्यथा इसका परिणाम हमारी आने वाली पीढ़ी को भुगतना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि सभी सवर्ण समाजों के लोग इस आंदोलन में अपना अपना सहयोग करने तैयार है। यह लड़ाई तब तक जारी रहेगी, जब तक कि सरकार कानून वापस न ले ले।

## यूजीसी विरोध आंदोलन में कायस्थ समाज की रहेगी सक्रिय भूमिका



■ सूर्यप्रकाश सक्सेना, अखिल भारतीय कायस्थ महासभा अध्यक्ष

सवर्ण समाजों से सर्वसम्मति से व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाने और जरूरत पड़ने पर चरणबद्ध आंदोलन करने का निर्णय लिया गया है। जिसमें कायस्थ समाज की सक्रिय भूमिका अदा करेगी, जब तक कि सरकार यूजीसी कानून वापस नहीं ले लेती।

## आंदोलन करने को विवश होगी समाज



■ एड. संघर्ष शर्मा सर्व ब्राह्मण समाज अध्यक्ष।

सरकार को ऐसे कानून पर पुनर्विचार करना चाहिए, जो देश की उन्नति के लिए घातक हो। यह एक्ट परंपरागत शैक्षणिक ढांचे को नुकसान पहुंचाएगा। अगर इस एक्ट को वापस नहीं लिया तो ब्राम्हाण समाज चरणबद्ध तरीके से आंदोलन करने पर विवश होगी।

## सभी सवर्ण समाजों को करना होगा विरोध



■ श्याम अग्रवाल, अग्रवाल समाज अध्यक्ष।

भारत सरकार द्वारा यूजीसी एक्ट में संशोधन एक विशेष वर्ग को निशाना बनाकर किया गया है, जिससे सवर्ण समाज में आक्रोश उत्पन्न हो गया है। सभी सवर्ण समाजों को एकजुट होकर इसका विरोध करना होगा, जिसके लिए हम तैयार है।

## कानून को लेकर करणी सेना का विरोध



यह एक्ट सवर्ण समाज के विद्यार्थियों के मनोबल को कम करेगा, जिससे विद्यार्थी स्वतंत्रता से अपनी पढ़ाई नहीं कर सकेंगे और आने वाले समय में यह एक्ट एक नासूर की तरह काम करेगा। जिसका करणी सेना विरोध करती है और जब तक शांत नहीं बैठेंगे तब तक कि यह कानून सरकार वापस न ले ले।

- **शुभम ठाकुर**, करणी सेना अध्यक्ष रायसेन।

## खबर संक्षेप

### आरपीएल विधायक ट्रॉफी सीजन-6 का आयोजन

**रायसेन।** शहर के खेल स्टेडियम में आयोजित क्रिकेट ट्रॉफी में टीमों के बीच जबरदस्त मैच खेले जा रहे हैं। क्षेत्र में खेल भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित आरपीएल विधायक ट्रॉफी (सीजन-6) में रोमांच चरम पर है। टूर्नामेंट के ताजा मुकाबलों में खिलाड़ियों ने प्रदर्शन करते हुए दर्शकों को रोमांचित कर दिया। चौके-छक्कों की बरसात, सधी हुई गेंदबाजी और बेहतरीन फील्डिंग ने मुकाबलों को यादगार बना दिया। पहला मुकाबला यासिर इलेवन और नेवी वॉरियर्स के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए यासिर इलेवन ने निर्धारित 8 ओवरों में 121/3 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से तुघरल मिर्ज़ा ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए तेजी से रन बटोरे। वह मैन ऑफ द मैच चुने गए।लक्ष्य का पीछा करने उतरी नेवी वॉरियर्स की टीम यासिर इलेवन की कसी हुई गेंदबाजी के सामने महज 62 रन पर सिमट गई। यासिर इलेवन ने 59 रनों से बड़ी जीत दर्ज की।

### पंचतत्व में विलीन हुए नरेन्द्र पाल सिंह

**गैरतगंज।** नगर के प्रतिष्ठित समाजसेवी नरेन्द्र पाल सिंह सोमवार को पंचतत्व में विलीन हो गए।



रविवार शाम हृदयगति रुकने से उनके निधन की सूचना मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। मृदुभाषी और सरल व्यक्तित्व के धनी नरेन्द्र पाल सिंह के जाने से नगर ने अपना एक सच्चा अभिभावक खो दिया है। टेकापार मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया, जिसमें भारी संख्या में स्थानीय लोग और परिजन शामिल हुए। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

## 12वीं बोर्ड परीक्षा का पहला पेपर आज, 13 फरवरी से 10वीं के होंगे प्रारंभ

# विद्यार्थियों के इम्तिहान की घड़ी आज से शुरू, प्रशासन ने सभी तैयारियां की पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षाओं का आगाज आज कक्षा 12वीं के अंग्रेजी पेपर के साथ हो रहा है। वहीं कक्षा 10वीं की 13 फरवरी से प्रारंभ होने जा रही है। 10वीं के विद्यार्थी पहला पेपर उर्दू का हल करेंगे। वहीं बोर्ड परीक्षाओं को लेकर जिला प्रशासन और जिला शिक्षा विभाग ने सभी तैयारियां पूर्ण कर ली हैं। इस वर्ष जिलेभर में कुल 29 हजार 87 विद्यार्थी बोर्ड परीक्षा में शामिल होंगे।

जानकारी के अनुसार कक्षा 10वीं में 17 हजार 571 तथा कक्षा 12वीं में 11 हजार 516 विद्यार्थी परीक्षा देंगे। परीक्षाओं के शांतिपूर्ण और नकलविहीन आयोजन के लिए जिले में निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर कड़े इंतजाम किए गए हैं। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर केंद्राध्यक्ष, सहायक केंद्राध्यक्ष के साथ ही उड़नदस्ता दल तैनात किया गया है। जो लगातार निगरानी करेगा।

### समय से पहले पहुंचना अनिवार्य

जिला शिक्षा विभाग ने विद्यार्थियों को परीक्षा शुरू होने के कम से कम 30 मिनट पहले परीक्षा केंद्र पहुंचने के निर्देश दिए हैं।

**जिले में 29 हजार से अधिक विद्यार्थी होंगे शामिल, मोबाइल पर पूरी तरह प्रतिबंध**



फाइल फोटो

### जिला प्रशासन, डीईओ ऑफिस ने की अपील

डीईओ डीडी रजक ने बताया कि 10वीं, 12वीं बोर्ड परीक्षा विद्यार्थियों के भविष्य से जुड़ी होती है। इसलिए सभी परीक्षार्थी तनावमुक्त होकर परीक्षा दें। जबकि अभिभावकों से भी अपील की गई है कि वे बच्चों को समय पर परीक्षा केंद्र पहुंचाएं और अनावश्यक दबाव न बनाएं।

निर्धारित समय के बाद आने वाले परीक्षार्थियों को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। पहचान पत्र और प्रवेश पत्र की जांच के बाद ही विद्यार्थियों को कक्ष में प्रवेश मिलेगा।

### सुरक्षा और स्वास्थ्य पर भी ध्यान

परीक्षा केंद्रों पर साफ-सफाई, पेयजल और प्राथमिक उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए संबंधित अधिकारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं।


बोर्ड परीक्षाओं के सफल आयोजन को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रहा है। अब जिले के हजारों विद्यार्थियों की मेहनत और तैयारी का परिणाम इन परीक्षाओं के माध्यम से सामने आएगा।

### परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सख्ती, मोबाइल भी पूरी तरह प्रतिबंधित

कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा ने बताया कि 10वीं, 12वीं बोर्ड परीक्षाओं के दौरान परीक्षा केंद्रों में मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ डिवाइस सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण पूरी तरह प्रतिबंधित रहेंगे। विद्यार्थियों के साथ-साथ ड्यूटी पर तैनात शिक्षकों और कर्मचारियों को भी मोबाइल की अनुमति नहीं होगी। परीक्षा केंद्र के बाहर मोबाइल जमा कराने की व्यवस्था की गई है। थानों से प्रश्न पत्र कलेक्टर के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में निकाले जाएंगे। जिसकी बकायदा वीडियो ग्राफी भी कराई जाएगी। जिले में बोर्ड परीक्षाओं के लिए 82 केंद्र बनाए गए हैं। 73 परीक्षा केंद्र नियमित परीक्षार्थियों के हैं। 9 केंद्र प्रायवेट परीक्षार्थियों के बनाए हैं। कक्षा दसवीं बोर्ड की नियमित परीक्षा के लिए 16264 नियमित और 1317 प्रायवेट परीक्षा देंगे। बारहवीं बोर्ड परीक्षा में नियमित 10293, प्रायवेट 1223 परीक्षार्थी इम्तिहान में हिस्सा लेंगे।

# ग्रामीणों ने चैनपुर मार्ग निर्माण में अनिमितताओं का लगाया आरोप

एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, जांच की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

सोमवार को बरेली चैनपुर रोड़ से जुड़े ग्रामों, ग्र.प. के ग्रामीण, किसान एसडीएम कार्यालय में एकत्रित हुए। ग्रामीणों ने चैनपुर, गगनवाड़ा रोड निर्माण में हो रही अनिमित्ताओं की जांच करने, पुलिया निर्माण को लेकर एसडीएम संतोष मुदगल को ज्ञापन सौंपा और प्रतिनिधि मंडल ने विभिन्न विषयों पर चर्चा भी की गई।

बरेली, गगनवाड़ा, चैनपुर रोड़ का निर्माण कार्य चल रहा है। ठेकेदार द्वारा 9 किमी लंबी सड़क को खोद कर छोड़ दिया, जिससे ग्रामीण परेशान है। वाहनों का आवागमन जोखिम भरा बना रहा। जब उक्त सम्बन्ध में विस्तार से समाचार प्रकाशित हुए तो ठेकेदार ने महीनों बाद सडक़ का निर्माण शुरु करने के साथ विभिन्न अनिमित्ताएं वरते जाने से किसानों ग्रामीणों में भारी असन्तोष बना हुआ है।

### मार्ग से जुड़े ग्राम

बरेली चैनपुर मार्ग की लंबाई लगभग 10 कि.मी. है। इस मार्ग से गगनवाड़ा, करमवाड़ा, रिमसिली, चैनपुर, सेमरी टिप्पा, पांजरा मंशाराम, खपडिय़ा खुर्द, सुल्तानपुर खेड़ा, मेहका, विनेका, जनकपुर, रतनपुर, पाली, रमगढ़ा, डूंगरिया, सिघोंरी अभ्यारण के दर्जनों ग्राम बसे हुए है।

### 15 करोड़ से निर्माण

बरेली चैनपुर रोड़ का 15 करोड़ 16 लाख 12 हजार की लागत से निर्माण किया जा रहा है। पूर्व की बनी सड़क लगभग 7 मीटर चौड़ी है। ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपकर आरोप लगाया है कि अब 7 मीटर से कम चौड़ाई में सड़क निर्माण किया जा रहा है, जिसकी जांच होना चाहिए।

# नाइट प्लास्टिक वॉलीबॉल टूर्नामेंट प्रतियोगिता का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

नगर के वार्ड नं 3 खाई चौक बाड़ी कलां में दो दिवसीय प्लास्टिक वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन गया था, जिसमें शनिवार को 16 टीमों ने हिस्सा लेकर चार मैच खेले गए। वहीं रविवार की रात में सेकंड राउंड में बम्होरी एवं टीम पीर का बाजार के खेला गया।

फाइनल मैच टीम बाड़ी और बम्होरी के बीच खेला गया, जिसमें बम्होरी को हराकर बाड़ी फायनल विजेता रही। इसमें प्रथम पुरस्कार



10100 ठाकुर होशियार सिंह परिहार की ओर दिया एवं द्वितीय पुरस्कार 5100 मुबारक अली ठेकेदार ने दिया। समस्त ट्राफियां समिति की ओर से मुख्य अतिथि रहे पूर्व अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस बाड़ी ठाकुर होशियार सिंह परिहार, इरफान दुर्रानी पूर्व अध्यक्ष नगर परिषद बाड़ी, वरिष्ठ पत्रकार मनोज शर्मा, अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी आसिम उल्लाह खान द्वारा अहम भूमिका रही।

इस अवसर पर नूतन चौहान, अमित साहू, शेरू खान, उस्मान मंसूरी, असर कुरेशी, फोजान दुर्रानी, मतीन खान, अरशद जेडी, शेरू भाई, आरएन राशिद भाई, ताहिर खान, असलम छोटा, जाहिद अली, फैजान भाई, मोक्ष शर्मा, कुश शर्मा आदि शामिल रहे।

# संकल्प से समाधान शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

मध्य प्रदेश शासन द्वारा विभिन्न जन योजना सेवाओं मे लाभ प्रदाय करने हेतु संकल्प से समाधान अभियान 12 जनवरी से 31 मार्च 2तक चलाया जा रहा है, जिसके प्रथम चरण में ग्राम पंचायतो एवं उनके सभी ग्रामों में शिविर का आयोजन किया जा रहा।

ग्राम गुलगांव में शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें सभी विभागों की 106 योजनाओं के आवेदन प्राप्त कर उनका निराकरण




किया जा रहा है। संकल्प से समाधान अभियान शिविर में कुल 207 आवेदन प्राप्त हुए जिनमे से 178 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया शेष आवेदनों भी निराकृत किये जा रहे है।

# श्री शिव अखाड़ा, व्यायाम शाला के द्वारा प्रारंभ हुआ शिवरात्रि महोत्सव

## श्री शिव महापुराण कथा शुरु होने पूर्व निकाली कलश शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

श्री शिव अखाड़ा, व्यायाम शाला के तत्वाधान में सोमवार से महाशिवरात्रि पर्व की शुरुआत हुई। प्रेम नगर कालौनी में होने वाली 7 दिवसीय संगीतमयी श्री शिव महापुराण कथा प्रारंभ होने से पूर्व नगर की प्रमुख सडक़ों पर ढोल-बाजों के साथ कलश शोभा यात्रा निकाली गई। जिसका स्थान-स्थान पर धार्मिक श्रद्धालुओं, संस्थाओं द्वारा स्वागत, पूजन किया गया।

श्रीशिव अखाड़ा, व्यायाम शाला द्वारा धूमधाम से महाशिरात्रि पर्व मनाया जाता है। इस वर्ष 7 दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा का पहली बार आयोजन किया जा रहा है। महाशिवरात्रि पर 5 कन्याओं का



सामुहिक विवाह व महारुद्राभिषेक का कार्यक्रम भी रखा गया है।

नगर की परंपरा अनुसार प्रेम नगर कालौनी मंदिर प्रांगण में 7 दिवसीय शिव महापुराण कथा प्रारंभ होने से पूर्व संकट मोचन हनुमान मंदिर से शिव व्यायाम शाला, अखाडे के पदाधिकारियों अन्य हिन्दु संगठनों के सहयोग से महिलाओं द्वारा कलश शोभा यात्रा निकाली गई। मुख्य मार्ग एवं अन्य स्थानों पर धार्मिक श्रद्धालुओं, संगठनों द्वारा शोभा यात्रा का स्वागत, पूजन किया। कथा व्यास सुश्री सुनिता देवी पूर्व डीएसपी अयोध्या धाम द्वारा शिव भक्ति महिमा का वर्णन किया।

## आरएसएस शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में जनगोष्ठी का आयोजन

# समाज संगठन से ही राष्ट्र वैभव की ओर अग्रसर होता है : नवीन जोशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

भारत एक ऐसा राष्ट्र रहा है जिसने विश्व को अंक ज्ञान, संगीत, शिक्षा, योग और परिवार व्यवस्था जैसी अमूल्य धरोहरें प्रदान की हैं। इसके बावजूद भारत को लगभग एक हजार वर्षों तक पराधीनता का दंश झेलना पड़ा। अनेक आक्रमणों, कठिन परिस्थितियों और संघर्षों के बावजूद भारत ने अपनी सांस्कृतिक चेतना को जीवित रखा। यह विचार राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ विदिशा विभाग के विभाग कार्यवाह नवीन जोशी ने व्यक्त किए। वे संघ के शताब्दी वर्ष के निमित्त आयोजित प्रमुख जन गोष्ठी को संबोधित कर रहे थे।

कार्यक्रम का आयोजन आरएसएस खण्ड सिलवानी द्वारा स्थानीय रघुनंदन पैलेस में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में स्वयं सेवक एवं समाज के प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे।




### दैनिक जीवन में देशभक्ति का आचरण आवश्यक

नवीन जोशी ने कहा कि देशभक्ति केवल नारों या विशेष अवसरों तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि नागरिक कर्तव्य और नागरिक अनुशासन का पालन ही दैनंदिन जीवन में देशभक्ति का सच्चा स्वरूप है। अपने घर की चारदीवारी के भीतर भाषा, भूषा, भजन, भोजन और भ्रमण में स्वदेशी भाव अपनाने से राष्ट्र सशक्त होता है। उन्होंने समाज की सज्जन शक्ति को सक्रिय करने का आह्वान करते हुए कहा कि समाज के सभी वर्ग एक.दूसरे के पूरक बनकर कार्य करें।

अपने संबोधन में नवीन जोशी ने कहा कि संघ का मूल उद्देश्य समाज को संगठित कर राष्ट्र को परम वैभव की ओर ले जाना है। उन्होंने कहा कि जब तक समाज संगठित, सशक्त और आत्मबोध से युक्त नहीं होगा, तब तक राष्ट्र अपने पूर्ण सामर्थ्य को प्राप्त नहीं कर सकता। समाज को जोड़ने वाली हिंदू पहचान, स्व के बोध और गुण सम्पन्न समाज के निर्माण की आवश्यकता पर उन्होंने विशेष जोर दिया। उन्होंने संघ की कार्यपद्धति, उसकी पृष्ठभूमि तथा समाज में किए जा रहे सकारात्मक प्रयासों को सरल शब्दों में समझाया। उन्होंने कहा कि संघ व्यक्ति निर्माण के माध्यम से राष्ट्र निर्माण का कार्य करता है।

### विचार, दृष्टि और दिशा का संगम

यह गोष्ठी विचार, दृष्टि और दिशा-तीनों को समझने की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण रही। कार्यक्रम में मंचासीन रूप से विभाग कार्यवाह नवीन जोशी के साथ जिला कार्यवाह राजेंद्र सिंह राजपूत उपस्थित रहे। खण्ड एवं नगर सिलवानी के सभी स्वयंसेवक तथा समाज के गणमान्य नागरिकों की सहभागिता से कार्यक्रम सफल रहा।